फेस रीडिंग:-

परिवार:-

व्यक्ति का माथे के ऊपर वाला हिस्सा अर्थात बालों के नीचे वाला हिस्सा उसके परिवार से संबंधित होता है । उसके माता-पिता से संबंधित होता है। यदि यहां पर त्वचा साफ-सुथरी हो और कोई दाग धब्बे नहीं हो तो व्यक्ति का बचपन प्रसन्नता में व्यतीत होता है। व्यक्ति को उसके माता पिता का अच्छा सुख प्राप्त होता है। व्यक्ति को पढ़ाई की अच्छी सुविधा प्राप्त होती है तथा उसके माता पिता उसका पूरा ख्याल रखते हैं। यदि माथे पर चमक हो और चौड़ा माथा हो तो व्यक्ति के माता-पिता सामाजिक, प्रतिष्ठित और धनी होते हैं ।

व्यावसायिक सफलता:-

माथे का बीच वाला हिस्सा व्यावसायिक सफलता के बारे में बताता है। यदि यह हिस्सा साफ सुथरा हो तो व्यक्ति बहुत ही समझदार और पढ़ा लिखा होगा। उसका व्यावसायिक जीवन 26 से 30 वर्ष की आयु में प्रारंभ हो जाता है तथा 35 वर्ष की आयु तक आते-आते वह अपने कैरियर में स्थापित हो जाता है। यदि यहां पर

कोई नकारात्मक चिन्ह दाग धब्बा आदि न हो तो व्यक्ति उच्च पद पर आसींन होता है तथा प्रसिद्ध भी होता है।

जीवन शक्ति:-

यह भाग दोनों आंखों की भौहों के मध्य में होता है। इस भाग से व्यक्ति की जीवन ऊर्जा तथा आयु का पता चलता है। यदि दोनों भौहों के मध्य दूरी अधिक हो और दोनों भौंहें मोटी हो तो व्यक्ति दीर्घायु प्राप्त करता है। साथ ही यह भी देखना चाहिए की दोनों भौहों के मध्य का भाग साफ सुथरा और चमकीला हो। यदि दोनों भौहों के मध्य कम दूरी होगी तो व्यक्ति की आयु कम होगी तथा उसका स्वास्थ्य भी खराब होगा। यदि यहां पर कोई चिन्ह हो, यहां की त्वचा खुरदरी हो तो व्यक्ति जीवन में पिछड़ जाता है। वह रोगों से परेशान होता है और उसकी आयु अल्प हो सकती है।

मध्य आयु में होने वाले प्रभाव :-

व्यक्ति के नाक के ऊपर का जो हिस्सा है वह व्यक्ति कि मध्य आयु में जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाता है । यदि यह भाग चमकीला तथा साफ सुथरा

हो तो व्यक्ति मध्य आयु में स्वस्थ रहता है तथा हृष्ट पुष्ट भी होता है। वह व्यावसायिक प्रगति कर चुका होता है तथा उसका जीवन सुचारू रूप से चल रहा होता है। यदि इसके विपरीत यह भाग खुरदरा तथा कोई नकारात्मक चिन्ह वाला हो तो व्यक्ति को कोई रोग घेर लेता है और वह अपना कार्य सुचारू रूप से नहीं कर पाता है जिससे उसकी प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है।

प्रेम व्यवहार :-

नाक के दाएं और बाएं भाग का जो क्षेत्र है उससे हम व्यक्ति की प्रकृति, प्रवृत्ति तथा प्रेम व्यवहार के बारे में जान सकते हैं। यदि यह भाग साफ सुथरा हो तथा यहां पर कोई दाग धब्बे नहीं हो तो व्यक्ति दूसरों से सहानुभूति रखता है तथा सच्चा प्रेमी होता है। इसके विपरीत यदि यहां दाग धब्बे हो, फुंसियां हो तथा त्वचा साफ नहीं हो तो ऐसा व्यक्ति बहुत ही भावुक होता है तथा हर किसी के प्रेम में पड़ता है और वह कपटी भी होता है। ऐसा व्यक्ति धोखा खाता है। यह भाग साफ सुथरा होने पर व्यक्ति सुहृदय होता है तथा वह दूसरों की सेवा करने की प्रवृत्ति रखता है। वह ईमानदार होता है ।

संतान:-

नाक तथा ऊपरी होंठ के मध्य के भाग से व्यक्ति की संतान के बारे में पता चलता है। यह भाग साफ सुथरा हो तथा यहां पर कोई दाग धब्बे नहीं हो तो यह पता चलता है कि व्यक्ति को संतान की प्राप्ति होगी और उसकी संतान स्वस्थ व दीर्घायु होगी। उसका परिवार सुखी परिवार होगा तथा वह अपनी संतान को प्रत्येक सुख सुविधा प्रदान करने का प्रयास करेगा ।

वृद्धावस्था:-

व्यक्ति की ठोड़ी के ऊपर का जो भाग है उससे व्यक्ति की वृद्धावस्था के बारे में जान सकते हैं। उसका बुढ़ापा कैसा होगा इसके बारे में जान सकते हैं। यदि यह भाग साफ सुथरा हो तथा यहां पर कोई दाग धब्बे ना हो तो व्यक्ति का बुढ़ापा सुखी व्यतीत होता है। उसको प्रत्येक सुख सुविधाएं प्राप्त होती है। स्वास्थ्य अपेक्षाकृत अच्छा होता है।